Need to investigate water pollution caused by power plant, fertilizer and sugar factories in Shahajahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh ? Laid

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) : मैं सरकार को अवगत कराना चाहूंगा कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान संसदीय क्षेत्र में स्थित रोजा पावर प्लांट, कृभको फटिलाईजर्स लि०, अवध शुगर एंड एनर्जी लि०. बजाज हिन्दुस्तान शुगर लि० और डालमिया भारत शुगर एंड इण्डस्ट्रीज लि० के विरूद्ध निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि इन संयंत्रों के द्वारा भारी पैमाने पर प्रदूषण फैलाया जा रहा है और इसके प्रदूषित जल से बड़ी दुर्गंध होने के परिणामस्वरूप वायु प्रदूषण हो रहा है तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अस्थमा, फेफड़े. हृदय रोग संबंधी गंभीर बीमारियां भी पनप रही हैं तथा प्रदूषित पानी से किसानों की फसलें भी नष्ट हो रही हैं ।

मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने श्रमिकों के हित में जो श्रम कानून बनाए हैं । उनका भी मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित उपरोक्त संयंत्रों द्वारा घोर उल्लंघन किया जा रहा है ।

मैंने अपने संसदीय क्षेत्र में स्थित उपरोक्त संयंत्रों के विरूद्ध पर्यावरण को प्रदूषित किए जाने और श्रम कानूनों का उल्लंघन किए जाने के बारे में संबंधित अधिकारियों को विस्तारपूर्वक अनेक पत्र लिखे हैं । लेकिन, इन पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ०प्र०) में स्थित उपरोक्त सभी संयंत्रों के विरूद्ध केन्द्रीय मंत्रालय स्तर पर उच्च स्तरीय तकनीकी समिति गठित करके जांच करवाई जाए और जांचोपरांत की गई कार्यवाही से मुझे अवगत कराए जाने हेतु निर्देशित किया जाए ।